PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

01

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, सोमवार, 08 जून, 2026 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## TMC को बड़ा झटका

**राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने दिया इस्तीफा, पार्टी के 15 साल के शासन को बताया अराजक**



सुखेंदु शेखर राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'राज्य के इतिहास में पहली बार जनता ने भाजपा को भारी जनादेश दिया है, जिससे टीएमसी के 15 साल के अराजक शासन का अंत हो गया है। यह शासन व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कानून व्यवस्था, रोजगार आदि क्षेत्रों में घोर विफलताओं के कारण पनपा था... जनता के इस ऐतिहासिक फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हुए, मैं इस्तीफा दे रहा हूं'।पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा झटका लगा है।

## धर्म परिवर्तन का पाक कनेक्शन



शामली में दवा कारोबारी के पुत्र का धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। युवक का धर्मांतरण कराने वाली युवती और उसका पिता गिरफ्तार किए गए हैं। युवती और उसके पिता एवं तीन मौलवियों समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शामली में दवा कारोबारी के पुत्र का धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने रविवार को युवती चांदनी कुरैशी और उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। नौ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले में शनिवार को युवती और उसके पिता व तीन मौलवियों समेत 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**UP: आयुष कैसे बना रहमान? जिम ट्रेनर चांदनी से 2018 में मुलाकात और बदल गई जिंदगी; धर्म परिवर्तन का पाक कनेक्शन**

एसपी का कहना है कि शहर के प्रसिद्ध मेडिकल स्टोर संचालक देवराज मलिक की करोड़ों की संपत्ति हड़पने के लिए उनके पुत्र आयुष का योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण कराया गया था। उन्होंने आशंका जताई कि जिले में धर्मांतरण कराने वाला बड़ा गिरोह सक्रिय है। एसपी एनपी सिंह ने रविवार को कैंप कार्यालय में मीडिया को बताया कि आरोपी पिता-पुत्री से हुई पूछताछ में सामने आया कि इस्लाम फलों का ठेला लगाता था।

## बरेली में मौलाना तौसीफ की हत्या का खुलासा

**बरेली में मौलाना तौसीफ की हत्या का खुलासा, आरोपी पंकज राजपूत गिरफ्तार; ट्रेन से दिया था धक्का**



बरेली जीआरपी ने मौलाना तौसीफ रजा की हत्या का खुलासा कर आरोपी पंकज राजपूत को गिरफ्तार किया है। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जीआरपी का दावा है कि पंकज ने झगड़े के बाद मौलाना को ट्रेन से धक्का देने की बात कबूल की।बरेली जीआरपी ने मौलाना तौसीफ रजा की हत्या के मामले में खुलासा किया है। जीआरपी ने मुख्य आरोपी पंकज राजपूत को गिरफ्तार किया है। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जीआरपी का दावा है कि आरोपी ने झगड़े के बाद मौलाना को ट्रेन से धक्का देने की बात कबूल की है। एसएसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि मामले को गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया जाएगा।

जीआरपी के मुताबिक पंकज राजपूत मुरादाबाद के मोहल्ला कानून गोयान का निवासी है। उसकी उम्र 25 वर्ष है। वह मौलाना तौसीफ रजा की हत्या के मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक रेलवे, अनुभाग मुरादाबाद ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जीआरपी पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे पकड़ा। गिरफ्तारी के समय वह प्लेटफॉर्म नंबर दो पर गश्त/चेकिंग के दौरान मिला। यह मामला थाना जीआरपी बरेली जंक्शन में दर्ज है। पुलिस ने यात्रियों से जानकारी और कुछ वीडियो क्लिप के आधार पर भी जांच की थी। इन सभी प्रयासों से पंकज राजपूत की पहचान हुई और उसे गिरफ्तार किया गया।जांच के दौरान जीआरपी ने ट्रेन के कोच संख्या आठ, नौ और 10 के 200 से ज्यादा यात्रियों से पूछताछ की।

## लॉरेंस बिश्नोई


**अलीगढ़ में दिनेश ज्वेलर्स सहित आठ लोगों से मांगी 2 करोड़ की रंगदारी, शातिर गिरफ्तार**



अलीगढ़ के एक प्रसिद्ध चिकित्सक को स्पीड पोस्ट के जरिए एक धमकी भरा पत्र मिला है। इस पत्र में कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के नाम का इस्तेमाल कर 22 हजार यूएसडीटी की फिरौती मांगी गई थी और भुगतान न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।अलीगढ़ पुलिस और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग की टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर शहर के दिनेश ज्वेलर्स, डॉक्टरों और विशिष्ट व्यक्तियों से रंगदारी मांगने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शहर के आठ नामचीन लोगों से करीब दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इस पूरे मामले का महज 48 घंटों के भीतर सफल

## यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा आज से, तीन दिन चलेगी 21 केंद्रों पर 10176 अभ्यर्थी होंगे शामिल

सिपाही भर्ती परीक्षा अलीगढ़ में 8,9 व 10 जून को होगी। इसमें 10176 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा अलीगढ़ के 21 केंद्रों पर दो पालियों में होगी।उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आज से शुरू हो रही है। यह परीक्षा 8, 9 और 10 जून को आयोजित की जाएगी। अलीगढ़ में कुल 10,176 अभ्यर्थी शामिल होंगे।एडीएम किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा अलीगढ़ के 21 केंद्रों पर दो पालियों में होगी। जिला प्रशासन ने इस तीन दिवसीय परीक्षा के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।अग्रसेन इंटर कॉलेज हरदुआगंज में 600 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज और चंपा अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज में 480-480 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीएवी इंटर कॉलेज और धर्म समाज इंटर कॉलेज में भी 600-600 अभ्यर्थी बैठेंगे। नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज



## जेन-जी की जुबान पर चढ़ा 'हम', 'मैं' से बना रही दूरी



मोबाइल, सोशल मीडिया के दौर में जेन-जी केवल अपनी जीवनशैली और सोच में ही बदलाव नहीं ला रही, बल्कि भाषा को भी नया स्वरूप दे रही है। एएमयू के भाषा विज्ञान विभाग में किए गए एक अध्ययन में सामने आया है कि शहर के युवाओं की बोलचाल तेजी से बदल रही है। बड़ी संख्या में युवा पारंपरिक 'मैं' की जगह स्थानीय अंदाज में 'हम' का प्रयोग कर रहे हैं, जो उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बनता जा रहा है।

# Aaj Ka Rashifal 8 June:

## इन चार राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ और पूरे होंगे सभी काम



आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 8 जून 2026 का राशिफल। 8 जून का दिन कुछ राशियों के लिए धन लाभ और आर्थिक प्रगति के अवसर लेकर आएगा, वहीं कुछ जातकों को बढ़ते खर्चों और बजट पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता पड़ सकती है। जानिए मेष से मीन राशि तक सभी 12 राशियों का दैनिक राशिफल।



### मेष

आज का दिन संतुलित और सुखद रहेगा। धार्मिक माहौल में समय बिताने का मौका मिलेगा। नौकरी में मेहनत का फल प्रमोशन या प्रशंसा के रूप में मिल सकता है। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से मन बेहद खुश रहेगा। माता-पिता का साथ और आशीर्वाद आपको आगे बढ़ने की ताकत देगा। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं को समझना रिश्ते को और मजबूत करेगा।



### वृषभ

आज का दिन लाभ देने वाला रहेगा। परिवार में शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी आपकी होगी। किसी जरूरी बात को हर किसी से शेयर न करें। वाहन सावधानी से चलाएं, चोट लगने की आशंका है। संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। क्रिएटिव कामों में रुचि बढ़ेगी और मन कुछ नया करने का करेगा।



### मिथुन

आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। मुश्किलें आएंगी, लेकिन आप उनका डटकर सामना करेंगे। नया बिजनेस शुरू करने का विचार मन में आ सकता है। संतान की खुशी के लिए नया वाहन खरीद सकते हैं। पुराने कर्ज से छुटकारा पाने की दिशा में भी कदम बढ़ेंगे। योग और व्यायाम आपकी सेहत को बेहतर बनाए रखेंगे।



### कर्क

आज खर्चे अचानक बढ़ सकते हैं, जिससे थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो फिलहाल रुकना ही समझदारी होगी। काम को पूरी ईमानदारी से करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। सेहत में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। जीवनसाथी के साथ मिलकर संतान के भविष्य को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।



### सिंह

आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बेहद अच्छा है। रिश्तों में प्यार और अपनापन बढ़ेगा, जिससे घर का माहौल खुशहाल रहेगा। बिजनेस में बदलाव करने से बचें। पूजा-पाठ या धार्मिक आयोजन में शामिल होने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी के साथ शॉपिंग और अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में पूरी मेहनत करेंगे।



### कन्या

आज कामकाज में नई ऊंचाइयां छूने का मौका मिलेगा। परिवार में तालमेल और प्यार बना रहेगा। किसी दूर रहने वाले अपने की याद भावुक कर सकती है। नौकरीपेशा लोग प्रमोशन को लेकर बॉस से बातचीत कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को नया पद मिलने की संभावना है। शुगर या बीपी जैसी समस्याओं को हल्के में न लें।



### तुला

आज चुनौतियां थोड़ी ज्यादा रहेंगी। जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है। पैसों के मामलों में किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। परिवार के साथ खुलकर बातचीत करने से रिश्तों की गलतफहमियां दूर होंगी। बिजनेस में पार्टनरशिप करने से बचें। यात्रा की योजना बन सकती है।



### वृश्चिक

आज धैर्य और शांति बनाए रखना आपके लिए सबसे जरूरी होगा। थकान और मानसिक बोझ से राहत मिलेगी। काम के साथ आराम के लिए भी समय निकालें। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन को प्यार से सुलझाने की कोशिश करें। यात्रा के दौरान कोई खास जानकारी मिल सकती है। परिवार में शादी-विवाह की खुशखबरी माहौल को आनंदमय बना सकती है।



### धनु

करियर के लिहाज से आज का दिन शानदार रहेगा। तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे विद्यार्थियों को अच्छा अवसर मिल सकता है। ऑफिस की राजनीति से दूरी बनाकर रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यापार में धन लाभ के अच्छे संकेत मिल रहे हैं।



### मकर

आज का दिन मिला-जुला रहेगा। दोस्तों के साथ समय बिताकर मन हल्का होगा। छिपे हुए विरोधियों से थोड़ा सतर्क रहें। दिखावे में ज्यादा पैसा खर्च करना नुकसान दे सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अच्छा फायदा मिल सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ी चर्चा परिवार में हो सकती है। घर में नए मेहमान के आने से खुशी का माहौल बनेगा।



### कुंभ

आज व्यापार में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन आपकी समझदारी सब संभाल लेगी। दांपत्य जीवन में प्यार और अपनापन बना रहेगा। किसी रिश्तेदार से खुशखबरी मिलने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य की सेहत खराब होने से भागदौड़ बढ़ सकती है। किसी अजनबी की बातों में आने से बचें।



### मीन

आज का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों पर नोकझोंक हो सकती है। काम में कोई बड़ा रिस्क लेने से बचें। परिवार की समस्याओं को नजरअंदाज करना ठीक नहीं होगा। मन की बात अपने पिता या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से शेयर करें। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए रास्ते खुल सकते हैं।

# यूपी: प्रदेश में आज से प्रचंड गर्मी का अलर्ट

## ज्यादातर जिलों में 40 के ऊपर जाएगा पारा; इन इलाकों में चलेगी लू



यूपी में सोमवार से प्रचंड गर्मी का अलर्ट है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तपिश बढ़ने के साथ लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में मौसम ने रविवार को अचानक करवट लिया और तपिश भरी गर्मी ने दोबारा सिर उठाया। रविवार को प्रदेश के 16 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग का कहना है यूपी में अगले एक हफ्ते तक तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों में प्रदेश भर में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी आ सकती है। सोमवार के दिन की शुरुआत तीखी धूप से हुई। राजधानी लखनऊ में सुबह आठ बजे से ही असहनीय धूप प्रतीत हुई।साथ ही मंगलवार से अगले तीन दिन यानी नौ जून से 11 जून के दौरान उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लू की चपेट में आने की आशंका है। रविवार को प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में तपिश और तीखी धूप का प्रकोप रहा। वहीं तराई के महराजगंज आदि कुछ जिलों में सुबह तेज हवाओं के साथ मामूली बूंदाबांदी देखने को मिली। बादलों की आवाजाही से साथ चलीं।

रविवार को बांदा और झांसी 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहे। इसके अलावा प्रयागराज में 42.8 डिग्री, कानपुर और फर्रूखाबाद में 42.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब मौसम शुष्क रहेगा और क्रमश: तापमान का बढ़ना जारी रहेगा।



राजधानी में रविवार को गर्मी के तेवर तल्ख नजर आए। लगभग एक सप्ताह के बाद अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। दोपहर में धूप और तपिश इतनी ज्यादा थी कि सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अब आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा और लू का प्रभाव देखने को मिल सकता है।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। साथ ही 10 जून यानी मंगलवार को लखनऊ में लू के थपेड़े चलने का पूर्वानुमान है।

# UP News: 47 यात्रियों की क्षमता वाली बस में मिले 167 यात्री

## इमरजेंसी गेट पर लगी थी बेंचे, लखनऊ में की गई सीज



बिहार से पंजाब जा रही 47 यात्रियों की क्षमता वाली बस में 167 यात्री बैठे थे। इस स्लीपर बस की छत पर बैठकर भी लोग यात्रा कर रहे थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चेकिंग के दौरान सीज कर दी गई। आगे पढ़ें पूरी खबर...राजधानी लखनऊ में जांच के दौरान बिहार से पंजाब जा रही स्लीपर बस में 167 यात्री मिले। जबकि, बस की क्षमता 47 यात्रियों की थी। परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने बस को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सीज कर दिया। यात्रियों को छतों पर भी बिठाया गया था।मामला स्लीपर बस संख्या यूपी 11 बीटी 0077 का है। यह बस बिहार के मुजफ्फरपुर से पंजाब के पटियाला के लिए जा रही थी। एआरटीओ प्रवर्तन आलोक कुमार यादव पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डग्गेमार बसों की जांच कर रहे थे। इसी बीच टोल के पास स्लीपर बस आती हुई दिखाई दी, जिसकी छत पर ढेरों यात्री बैठे हुए थे। प्रवर्तन टीम ने बस को रुकवाया और जांच की। इसमें 167 यात्री पाए गए। कागजों की पड़ताल में बस का आल इंडिया परमिट भी समाप्त पाया गया। बस में यात्रियों की स्वीकृत क्षमता 47 यात्रियों की थी। यात्रियों को उतारकर बस सीज कर दी गई। सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस पर जहां कार्रवाई हुई है, वहीं पर परिवहन विभाग के दो इंटरसेप्टर भी खड़े थे। लेकिन इस पर तैनात अफसरों को स्लीपर बस नजर नहीं आई। ऐसे में अफसरों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। स्लीपर बस की बनावट से भी छेड़छाड़ की गई थी। बस में अंदर इमरजेंसी गेट के पास बेंच लगाई है थीं। पैसेज में भी यात्रियों को बिठाया गया था। इतना ही नहीं यात्रियों को बस की छत पर भी बिठाकर यात्रा कराई जा रही थी


# शादी करने वाली हैं जेनिफर विंगेट



हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक 41 साल की एक्ट्रेस के करीबी सूत्रों ने बताया है कि जेनिफर और इश्माएल कुछ समय से रिश्ते में हैं और अब रिश्ते को अगले लेवल पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेनिफर और विलियम साथ में बहुत खुश हैं। विलियम ने छुट्टियों के दौरान जेनिफर को प्रपोज किया और उन्होंने हां कह दिया। अब वे अपनी शादी की प्लानिंग कर रहे हैंबताया जाता है कि कपल क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी करने पर विचार कर रहा है। अभी शादी की तारीख और जगह फाइनल नहीं हुई है। वह सितंबर-अक्टूबर में शादी करने पर विचार कर रहे हैं। अगर इन महीनों में शादी ना हुई, तो वह दिसंबर-जनवरी में शादी कर सकते हैं। हालांकि जेनिफर ने इन खबरों पर पब्लिकली कोई कमेंट नहीं किया है लेकिन उनकी कथित सगाई और शादी की प्लानिंग की चर्चा ने फैंस को काफी एक्साइटेड कर दिया हैहाल के वर्षों में जेनिफर ने अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट से काफी हद तक दूर रखा है।।

# 400 करोड़ की ब्लॉकबस्टर ठुकरा बैठे वरुण धवन

इन दिनों वरुण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आ रहे हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। हाल ही में तन्मय भट्ट के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान वरुण ने खुलासा किया कि उन्होंने एक ऐसी फिल्म को मना कर दिया था, जो बाद में क्रिटिकली और कमर्शियल दोनों तरह से बड़ी हिट साबित हुई।जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने मना किया और बाद में पछतावा हुआ, तो वरुण ने कहा, 'मुझे लगता है मैंने एक अच्छी फिल्म को मना कर दिया था, जो बाद में बहुत बड़ी फिल्म बन गई- 'अंधाधुन'। उस समय मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रहा था, इसलिए मैं उसे नहीं कर पाया। और उस फिल्म की ओरिजिनल कास्ट में मैं और कंगना रनौत थे।'यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई और फैंस के बीच मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली



# मालदीव में परिवार के साथ छुट्टियां

## बिता रहे रितेश देशमुख; खूबसूरत झलकियां साझा कर लिखा



फिल्म 'राजा शिवाजी' के बाद रितेश देशमुख ने वेकेशन ब्रेक लिया है। वे अपने परिवार के साथ मालदीव घूमने गए हैं। छुट्टियों में मस्तीभरे पलों की तस्वीरें रितेश ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं और साथ ही बड़ा खूबसूरत सा कैप्शन लिखा है। रितेश और जेनेलिया अपने बच्चों के साथ कीमती वक्त बिता रहे हैं।रितेश देशमुख और जेनेलिया को बीते दिनों फिल्म 'राजा शिवाजी' में देखा गया था। दोनों लंबे वक्त से काम के सिलसिले में काफी व्यस्त थे। बता दें कि 'राजा शिवाजी' में लीड रोल निभाने के साथ ही इसका निर्देशन भी रितेश देशमुख ने किया है। फिल्म की रिलीज को महीनेभर से ऊपर हो जाने के बाद अभिनेता परिवार के साथ फुरसत के पल बिताते दिखे हैं।रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे, जेनेलिया और दोनों बच्चे भरपूर मस्ती कर रहे हैं। रितेश देशमुख ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'जिंदगी के सबसे अच्छे तोहफे बॉक्स में पैक होकर नहीं आते। वे दिल से, समय देने पर और साथ बिताए पलों से मिलते हैं'। रितेश के इस पोस्ट पर नेटिजंस प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही उनकी और जेनेलिया की जोड़ी को सबसे बेस्ट बता रहे हैं।

# जैकी श्रॉफ ने युवाओं को दी जरूरी सलाह



बी अ मैन यार पॉडकास्ट के साथ बातचीत में जैकी श्रॉफ ने इस बारे में बात की कि आज की पीढ़ी के पास चिंता करने के लिए कितनी सारी चीजें हैं। हालांकि, एक्टर ने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति की सेहत ठीक है, तब तक बाकी सभी तनाव बेकार हैं।


उन्होंने कहा, 'तनाव नहीं लेने का बेटा। मां का प्रेशर, घर का प्रेशर, काम का प्रेशर, पढ़ाई का प्रेशर, पैसे का प्रेशर, दुनिया का प्रेशर, हेल्थ का प्रेशर नहीं लेने का।' जब तक आपकी सेहत ठीक है, आपको किसी और चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है।उन्होंने मजाक में कहा 'हेल्थ जब तक है सब सही है। जहां तेरा हेल्थ गया गेम बज गया' उन्होंने यह भी मजाक में कहा कि हम सभी जानते हैं कि अंत तो होना ही है, इसलिए खुद को खतरे में डालने की कोई जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने लोगों से जितना हो सके उतना जीने की अपील की। उन्होंने आगे कहा, 'तो जब मालूम है अपने को अंत तो उसमें अपनी शानपत्ती नहीं करने का। मैं सो जाता हूं। यह सब पिटी-पिटी के चक्कर में बहुत लफड़ा है।''द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जैकी श्रॉफ ने एक सुपरमैन की भूमिका निभाई है। 25 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 1.84 करोड़ रुपये कमाए हैं।जैकी श्रॉफ की नई फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' बहुत अच्छा नहीं कर पाई है। इस बीच उन्होंने युवाओं को एक सलाह दी है और एक अपील की है।

# शिल्पा शेट्टी के जन्मदिन पर

शिल्पा शेट्टी आज 08 जून को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस खास दिन पर शिल्पा की छोटी बहन और अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने उन्हें बधाई दी है। शमिता ने सोशल मीडिया पर कई खूबसूरत तस्वीरों के साथ एक प्यारा सा नोट लिखा है। शमिता शेट्टी ने लिखा है, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी मुनकी। हमेशा मेरे साथ एक आशीर्वाद की तरह रहने वाली। मेरे लिए आप हमेशा एक मजबूत सहारा हो। आप ही हो, जिसने मुझे कई तरह से प्रेरित किया है। मेरी बहन होने के लिए, हमेशा सही राह दिखाने के लिए आपका शुक्रिया। आपके बिना मैं अपनी जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकती। खूब सारा प्यार'।अपने जन्मदिन पर शिल्पा शेट्टी ने भी एक पोस्ट शेयर किया है। अभिनेत्री ने एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे मस्तीभरे अंदाज में वर्कआउट करती दिख रही हैं। इसके साथ शिल्पा ने कैप्शन लिखा है, 'जन्मदिन हो या न हो, बड़ा होना कभी भी प्लान का हिस्सा नहीं था'। शिल्पा के इस बेफिक्र अंदाज की फैंस तारीफ कर रहे हैं। साथ ही जन्मदिन की बधाई दे रहे ।



# अक्षरा सिंह को ट्रोल ने कहा 'मोटी



अक्षरा सिंह ने ट्रांसफॉर्मेशन का फैसला लिया है। इसकी प्रेरणा उन्हें ट्रोल की टिप्पणी से मिली है। इसका जिक्र खुद अक्षरा ने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर वर्कआउट करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'ट्रोल समझ के लिखा था मोटी। मैंने मोटिवेशन समझ के पढ़ लिया। अब देखते जाइए। चैलेंज स्वीकार है। शुक्रिया डार्लिंग'।भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन कही जाने वाली अक्षरा ने बड़ी ही विनम्रता से ट्रोल को करारा जवाब दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जिम में कसरत करते हुए वे खूब पसीना बहा रही हैं। सकारात्मकतासे लबरेज होकर उन्होंने खुद को बदलने का फैसला लिया है। अक्षरा सिंह और अक्षय कुमार का गाना 'घिस घिस घिस' 25 मई को रिलीज हुआ था। इसे विक्रम मॉन्ट्रोज और सुप्रिया पाठक ने गाया है।

# The Bonus Market Update:

## शेयर बाजार में बड़ी बिकवाली सेंसेक्स 700 अंक टूटा निफ्टी 23200 से फिसला



आज भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा गिरा और निफ्टी 23,200 के नीचे फिसला। आईटी-ऑटो सेक्टर पस्त। ग्लोबल मार्केट्स का पूरा हाल और शेयर बाजार की खबर विस्तार से पढ़ें। भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का दिन बेहद निराशाजनक रहा। वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुझानों और निवेशकों की मुनाफावसूली के कारण बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। 8 जून 2026 के कारोबारी सत्र में 'रिस्क-ऑफ' (जोखिम से बचने) के माहौल के बीच प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम हो गए। इस बिकवाली ने न केवल भारतीय बाजार को अपनी चपेट में लिया, बल्कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी भारी उथल-पुथल मचा दी है। बाजार में सुबह से ही बिकवाली का भारी दबाव देखा गया। सेंसेक्स: बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स कारोबार के दौरान 700 से अधिक अंक तक लुढ़क गया। उसके बाद यह 645.51 अंकों (-0.86%) की गिरावट के साथ 73,597.83 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। निफ्टी: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 199.80 अंक (-0.86%) टूटकर 23,166.90 पर आ गया। भारी बिकवाली के कारण निफ्टी एक समय 23,150 के अहम मनोवैज्ञानिक स्तर से भी नीचे फिसल गया था

**रुपया:** सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 17 पैसे गिरकर 95.35 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती, मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण रुपये पर दबाव बना रहा। बाजार का सेक्टोरल दायरा काफी कमजोर रहा और निफ्टी के ज्यादातर इंडेक्स लाल निशान में कारोबार करते नजर आए। **सबसे ज्यादा नुकसान:** आईटी, रियल्टी, मेटल और ऑटो सेक्टर में निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की, जिससे ये सेक्टर्स सबसे बड़े लूजर साबित हुए। इस भारी चौतरफा गिरावट के बीच, फार्मा, हेल्थकेयर, मिडकैप हेल्थकेयर और मीडिया जैसे 'डिफेंसिव' सेक्टर्स ने अपनी मजबूती दिखाई

# APSEZ-Argentina Contract:

## अर्जेंटीना की पहली LNG निर्यात परियोजना से जुड़ी अदाणी पोर्ट्स; 10 साल का करार

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने सोमवार को कहा कि उसे अर्जेंटीना की पहली द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात परियोजना के लिए 10 साल का समुद्री सेवा अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) मिला है। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने दक्षिण अमेरिका में अपना प्रवेश कर लिया है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। साथ ही इससे भारत और अर्जेंटीना के बीच बढ़ते ऊर्जा संबंधों को भी मजबूती मिलेगी।भारत की सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता कंपनी ने बताया कि यह कॉन्ट्रैक्ट उसकी स्टेप-डाउन सहायक कंपनी अदाणी हार्बर इंटरनेशनल एफजेडसीओ को अर्जेंटीना की मेरिडियन ग्रुप के साथ गठित एक कंसोर्टियम के माध्यम से मिला है, जो सदर्न एनर्जी एसए द्वारा आयोजित वैश्विक प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद किया गया।



अदाणी समूह और मेरिडियन ग्रुप का यह कंसोर्टियम सदर्न एनर्जी एफएलएनजी परियोजना के लिए समुद्री सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इस परियोजना में लगभग 7 करोड़ डॉलर (70 मिलियन डॉलर) के निवेश की प्रतिबद्धता शामिल है। परियोजना के पहले चरण में हर साल 2.45 मिलियन टन (एमटी) एलएनजी उत्पादन होने की उम्मीद जो लगभग 28 एलएनजी कार्गो के बराबर होगा। इसके साथ ही यह अर्जेंटीना की पहली परिचालन एलएनजी निर्यात परियोजना बन जाएगी। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अश्विनी गुप्ता ने कहा, 'यह परियोजना दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े ऊर्जा अवसंरचना प्रोजेक्ट्स को समर्थन देने की हमारी बढ़ती क्षमता को दर्शाती है।'

## एकीकृत बीमा: कई पॉलिसियों की उलझन का आसान समाधान समय भी बचेगा और सुरक्षा भी बढ़ेगी

एकीकृत बीमा समाधान ग्राहकों को जीवन, स्वास्थ्य और मोटर बीमा जैसी कई पॉलिसियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर प्रबंधित करने की सुविधा देता है। यह समय बचाने के साथ बेहतर वित्तीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। ऑफिस जा रहे आशीष ने जैसे ही मोबाइल पर आए मैसेज को देखा, पसीना छूट गया। काम की व्यस्तता और समय की कमी के चलते आशीष अपनी जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम भरना ही भूल गए, जिससे पॉलिसी लैप्स होने वाली थी। आशीष अकेले नहीं हैं। आज हर किसी के पास जीवन, स्वास्थ्य, मोटर मिलाकर दो से ज्यादा बीमा पॉलिसियां हैं।




ऐसे में अलग-अलग पॉलिसियों का रिकॉर्ड रखना, प्रमियम की तारीख याद रखना और समय पर रिन्यूअल कराना बड़ी सिरदर्दी बन जाता है। अब इसी समस्या का स्थायी इलाज करने के लिए बीमा जगत में एक नई और आधुनिक अवधारणा तेजी से उभर रही है, जिसे एकीकृत बीमा समाधान कहा जाता है। एकीकृत बीमा पॉलिसी का अर्थ है, ग्राहक की विभिन्न बीमा जरूरतों को एक ही पॉलिसी स्ट्रक्चर के अंतर्गत प्रबंधित करना। इसमें जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, मोटर बीमा, व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, घर का बीमा और अन्य सामान्य बीमा कवर को एक साथ जोड़ा जा सकता है।

# Biz Updates:

## राजेश एक्सपोर्ट्स मामले पर SEBI अध्यक्ष की चुप्पी केंद्रीय मंत्री बोले- LPG के दाम बढ़ाना जरूरी




भारत के शेयर बाजार नियामक- सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने राजेश एक्सपोर्ट्स मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बॉन्ड ब्रोकरों के नए नियमों और टोकनाइजेशन कार्यक्रम पर भी बात की। पत्रकारों से बात करते हुए पांडे ने कहा कि सिद्धांत के तौर पर वे व्यक्तिगत मामलों पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एक अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया है। इसमें आदेश जारी किए जाते हैं। इन आदेशों का कानून के अनुसार पालन करना होता है। नए बॉन्ड ब्रोकर नियमों और टोकनाइजेशन कार्यक्रम पर उन्होंने बताया। टोकनाइजेशन पायलट में छह से नौ महीने का समय लगेगा। इसके लिए इंतजार करना होगा। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने गैस सिलिंडर की कीमतों में वृद्धि पर दुख व्यक्त किया है। हालांकि, उन्होंने मौजूदा वैश्विक हालात का जिक्र करते हुए कहा कि ये फैसला 'अपरिहार्य' है। बता दें कि घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी सिलिंडर की कीमत में शनिवार देर रात 29 रुपये की वृद्धि का एलान किया गया। बीते तीन महीने में दूसरी बार गैस के दाम बढ़ाए गए। इस पर जोशी ने रविवार रात जारी एक बयान में कहा, दुनिया गंभीर संकटों से जूझ रही है। एलपीजी सीमित स्रोतों से आता है। परिवहन और बीमा लागत भी अधिक है।

## 38 अरब डॉलर के जुर्माने का डर: भारत में जांच एजेंसी के साथ आंकड़े साझा करेगा एपल गतिरोध खत्म करने को तैयार

Apple vs CCI Row: एप स्टोर विवाद में एंटीट्रस्ट जांच का सामना कर रही एपल ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के सामने घुटने टेक दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एप स्टोर की मनमानी के आरोपों से घिरी आईफोन निर्माता कंपनी ने गतिरोध खत्म करने का फैसला किया है। सीसीआई ने अमेरिकी कंपनी को वित्तीय आंकड़े सौंपने के लिए 25 जून तक का अंतिम समय दिया है। पूरे मामले को समझने के लिए पढ़ें खबर। एप्पल पहले वित्तीय जानकारी देने से इंकार कर रही थी, लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश और बढ़ते नियामकीय दबाव के बाद



उसने भारत-विशिष्ट वित्तीय आंकड़े जमा करने पर सहमति दे दी है।

# IND vs IRE:

## आयरलैंड-इंग्लैंड के खिलाफ तेज गेंदबाजी में कई दावेदार क्या प्रिंस को मिलेगी प्लेइंग-11 में जगह



भारतीय टीम को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है जिसके लिए टीम घोषित की जा चुकी है। भारत ने इस सीरीज के लिए चार तेज गेंदबाजों को मौका दिया है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रिंस यादव को प्लेइंग-11 में जगह मिलती है या नहीं। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई भारतीय टीम में कुल चार तेज गेंदबाजों को जगह दी गई है, जिसमें उभरते हुए गेंदबाज प्रिंस यादव का भी नाम शामिल है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे टीम में मौका मिलने के बाद प्रिंस टी20 के लिए भी चयनकर्ताओं का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रिंस इस पूरे दौरे पर प्लेइंग इलेवन में जगह बना पाएंगे और अगर टीम मैनेजमेंट उनको खिलाने का फैसला लेता है, तो कौन बाहर बैठ सकता है?

आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स की ओर से खेलते हुए प्रिंस ने 14 मुकाबलों में 16 विकेट निकाले थे। प्रिंस ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर तब खींचा था, जब उन्होंने बेहतरीन गेंद पर विराट कोहली को क्लीन बोल्ड कर दिया था। टी20 से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ प्रिंस को वनडे में आजमाया जा सकता है और 50 ओवर के फॉर्मेट के प्रदर्शन से ही शायद यह तय हो कि उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड में अंतिम एकादश में मौका मिलेगा या नहीं। प्रिंस के लिए जगह बनाने इस वजह से भी मुश्किल नजर आ रहा है, क्योंकि नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को भी टी20 टीम में रखा गया है, जो बल्ले के साथ-साथ गेंदबाजी कर सकते हैं। अब अगर टीम प्रबंधन प्रिंस की काबिलियत से बहुत ज्यादा प्रभावित होगा, तो उन्हें मौका मिलने की उम्मीद सिर्फ आयरलैंड के खिलाफ नजर आ रही है। दिक्कत यह है कि आयरलैंड के खिलाफ भारत को सिर्फ दो ही टी20 खेलने हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि क्या प्रिंस को इस दौरे पर ले जाने का फैसला सही है? चयनकर्ताओं के पास यह भी विकल्प था कि वह प्रिंस को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज में भारत ए टीम की ओर से भेजते। इस सीरीज में प्रिंस को कम से कम मैदान पर उतरने का मौका मिलता और वह अपनी गेंदबाजी की धार दिखा पाते। नई दिल्ली। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है।

दिल्ली और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के दम पर पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाले प्रिंस यादव को चयन समिति अध्यक्ष अजीत अगरकर ने भी सराहा है। उन्होंने कहा कि प्रिंस ने विजय हजारे ट्रॉफी और आईपीएल में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। हालांकि प्लेइंग-11 में जगह बनाना उनके लिए आसान नहीं होगा। अनुभवी सिराज और अर्शदीप के साथ हर्षित राणा भी तेज गेंदबाजी आक्रमण का मजबूत विकल्प हैं। ऐसे में टीम संयोजन और परिस्थितियों के आधार पर प्रिंस को मौका मिल सकता है।



## IND vs AFG: डेब्यू टेस्ट में चमके मानव सुथार पहले ही मैच में पांच विकेट लेने वाले 10वें भारतीय बने

भारतीय स्पिनर मानव सुथार ने डेब्यू टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। सुथार ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में छह विकेट झटके। वह भारत के 10वें गेंदबाज हैं जिन्होंने डेब्यू टेस्ट में फाइव विकेट हॉल पूरा किया है।



बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मानव सुथार ने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में ही चमक बिखेरी और वह फाइव विकेट हॉल पूरा करने में सफल रहे। मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन सुथार ने यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की।मानव सुथार की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर ढेर कर दी है। भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन पर घोषित की थी। इस तरह भारत को 412 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हुई है। भारत ने अफगानिस्तान को फॉलोऑन देने का फैसला किया है जिसके बाद टीम दूसरी पारी में खेलने उतरी। भारत ने पहली पारी में दमदार बल्लेबाज किया था। भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक लगाए थे। वहीं, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतक लगाए थे। अफगानिस्तान की टीम भारत को ऑलआउट नहीं कर सकी थी

# भारत जीत से तीन विकेट दूर

### अफगानिस्तान ने गंवाया सातवां विकेट; ओमरजई आउट

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच का आज तीसरा दिन है। भारत ने पहले ही सत्र में अफगानिस्तान की पहली पारी ढेर कर दी और उसे फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया।



अफगानिस्तान को अफसर जजई के रूप में छठा झटका लगा है। मानव सुथार ने जजई को अपना शिकार बनाया जो आठ रन बनाकर आउट हुए।भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन तीसरे सत्र का खेल शुरू हो गया है। अफगानिस्तान ने दूसरी पारी में पांच विकेट गंवा दिए हैं। फिलहाल क्रीज पर अजमातुल्लाह ओमरजई और अफसर जजई मौजूद हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन दूसरे सत्र का खेल समाप्त हो गया है। फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी में उतरी अफगानिस्तान ने 98 रन पर पांच विकेट गंवा दिए हैं। अफगानिस्तान पर इस तरह पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। चायकाल के समय अफसर जजई चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। अफगानिस्तान की आधी टीम 100 से भी कम के स्कोर पर पवेलियन लौट गई है।

## Women's T20 World Cup:



महिला टी20 विश्व कप का रोमांच शुरू होने में अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है। एक बार फिर बल्लेबाजों से बड़ी पारी देखने की उम्मीद होगी। आइए जानते हैं इस टूर्नामेंट में एक मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड किन खिलाड़ियों के नाम है महिला टी20 विश्व कप 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 11 जून से इंग्लैंड की धरती पर इस मेगा इवेंट का आयोजन होना है। महिला क्रिकेट में भी कई बड़े स्कोर बनते हुए दिखते हैं। आइए आपको उन पांच बल्लेबाजों के नाम बताते हैं, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेली है। दिलचस्प बात यह है कि इस लिस्ट में एक भारतीय खिलाड़ी का नाम भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज मेग लेनिंग के नाम महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। लेनिंग ने साल 2014 में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली थी।

## Women's T20 World Cup:

### इन पांच बल्लेबाजों ने महिला T20 विश्वकप में खेली है सबसे बड़ी पारी, लिस्ट में एक भारतीय



महिला टी20 विश्व कप का रोमांच शुरू होने में अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है। एक बार फिर बल्लेबाजों से बड़ी पारी देखने की उम्मीद होगी। आइए जानते हैं इस टूर्नामेंट में एक मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड किन खिलाड़ियों के नाम है...

महिला टी20 विश्व कप 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 11 जून से इंग्लैंड की धरती पर इस मेगा इवेंट का आयोजन होना है। महिला क्रिकेट में भी कई बड़े स्कोर बनते हुए दिखते हैं। आइए आपको उन पांच बल्लेबाजों के नाम बताते हैं, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेली है। दिलचस्प बात यह है कि इस लिस्ट में एक भारतीय खिलाड़ी का नाम भी शामिल है।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













